SCAT NEWS
स्कैट समाचार

*The Latest Update on Whats Happening
Around Us In The World Of Satellite & Cable TV*

*सैटेलाइट और केबल टीवी की दुनिया में
हमारे चारों तरफ क्या हो रहा उसका नवीनतम अपडेट*

## NDTV INDIA REFRESHES BRAND IDENTITY

NDTV India has rolled out a refreshed on-air and digital identity, positioning “Bharat Ka Vishwas” at the centre of its new editorial and brand philosophy. The revamp spans graphics, presentation style and digital interfaces aimed at younger news audiences seeking credible and accessible journalism. NDTV CEO and Editor-in-Chief Rahul Kanwal said the transformation reflects a “new era and new energy” for the channel, while senior editorial and marketing executives stressed the importance of reinforcing audience trust amid rising misinformation concerns.

## एनडीटीवी ने अपनी ब्रांड पहचान को नया रूप दिया

एनडीटीवी इंडिया ने अपनी ऑन एयर और डिजिटल पहचान को नया रूप दिया है, जिसमें ‘भारत का विश्वास’ को अपनी नयी संपादकीय और ब्रांड सोच के केंद्र में रखा गया है। इस बदलाव में ग्राफिक्स, प्रस्तुति शैली और डिजिटल इंटरफेस शामिल हैं, जिनका मकसद उन युवा दर्शकों तक पहुंचना है जो भरोसेमंद और आसानी से समझनेवाली पत्रकारिता के तलाश में हैं। एनडीटीवी के सीईओ और एडिटर-इन-चीफ राहुल कंवल ने कहा कि यह बदलाव चैनल के लिए ‘एक नये दौर और एक नयी ऊर्जा’ को दर्शाता है, जबकि वरिष्ठ संपादकीय और मार्केटिंग अधिकारियों ने गलत जानकारी फैलाने की चिंताओं के बीच दर्शकों के भरोसे को और मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया।

## MIHIR BHATT APPOINTED CHIEF CONTENT OFFICER

Network18 has named Mihir Bhatt as Chief Content Officer of News18 Studios, where he will spearhead content strategy, intellectual property creation and brand-led storytelling initiatives. Bhatt joins after senior leadership roles at Times Network and Times Influence, bringing over two decades of experience across television, radio and digital media. Network18 management said his expertise in developing large-format media properties and strategic partnerships would support the company’s next phase of expansion in the studios business.



## मीहिर भट्ट मुख्य कंटेंट अधिकारी नियुक्त

नेटवर्क 18 ने मिहिर भट्ट को न्यूज 18 स्टूडियोज का चीफ कंटेंट ऑफिसर बनाया है। यहां ये कंटेंट स्ट्रेटजी, बौद्धिक संपदा बनाने और ब्रांड आधारित स्टोरीटेलिंग से जुड़ी पहलों की अगुवाई करेंगे। भट्ट टाइम्स नेटवर्क और टाइम्स इनफ्लूयेंस में सीनियर लीडरशिप पदों पर काम करने के बाद यहां आये हैं। उनके पास टेलीविजन, रेडियो और डिजिटल मीडिया में दो दशकों से ज्यादा का अनुभव है। नेटवर्क 18 मैनेजमेंट ने कहा कि बड़े फॉर्मेट की मीडिया संपत्ति और रणनीतिक साझेदारियां विकसित करने में उनकी विशेषज्ञता, स्टूडियो बिजनेस  में कंपनी के विस्तार के अगले चरण में मददगार सावित होगी।

## DISH TV GETS RELIEF AS JC FLOWERS WITHDRAWS NCLT PLEA

Dish TV India has received a major reprieve after JC Flowers Asset Reconstruction withdrew a long-pending petition before the National Company Law Tribunal related to the company’s governance dispute. The matter stemmed from efforts initiated by Yes Bank in 2021 seeking an extraordinary general meeting to reconstitute Dish TV’s board. The Mumbai bench of

## डिश टीवी को राहतः जेसी फ्लावर्स ने एनसीएलटी से अपनी अर्जी वापस ली

डिश टीवी इंडिया को बड़ी राहत मिली है क्योंकि जेसी फ्लावर्स एसेट रिक्नट्रक्शन ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में कंपनी के गवर्नेंस विवाद से जुड़ी अपने लंबे समय से लंबित अर्जी वापस ले ली है। यह मामला 2021 में यस बैंक द्वारा शुरू की गयी उन कोशिशों से जुड़ा था, जिसमें डिश टीवी के बोर्ड के पुर्नगठन के लिए एक असाधारण आम बैठक (एजीएम) बुलाने की मांग की गयी थी। एनसीएलटी की

the NCLT permitted the withdrawal during a recent hearing, bringing closure to one of the most closely watched boardroom battles in the broadcasting sector.

मुंबई बेंच ने हाल ही में एक सुनवाई के दौरान अर्जी वापस लेने की अनुमति दे दी, जिससे ब्रॉडकास्टिंग सेक्टर में सबसे ज्यादा चर्चा में रही बोर्डरूम की लड़ाइयों में से एक का अंत हो गया।

## DISNEY REPORTEDLY PLANS FRESH ROUND OF LAYOFFS

The Walt Disney Company is reportedly preparing to cut up to 1,000 jobs globally as part of another restructuring exercise, according to international media reports. A substantial portion of the reductions is expected to impact the company's marketing operations. The layoffs are said to affect less than 1% of Disney's worldwide workforce, which stood at nearly 231,000 employees at the end of FY2025.




## डिज्नी कथित तौर पर छंटनी का एक और दौर शुरू करने की योजना बना रहा है

अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार 'द वॉल्ट डिज्नी कंपनी' कथित तौर पर एक और पुर्न गठन प्रक्रिया के तहत दुनियाभर में 1000 तक नौकरियां कम करने की तैयारी कर रही है। उम्मीद है कि इस छंटनी का एक बड़ा हिस्सा कंपनी के मार्केटिंग संचालन पर असर डालेगा। कहा जा रहा है इस छंटनी से डिज्नी के दुनिया भर के कुल कर्मचारियों में से 1% से भी कम लोग प्रभावित होंगे, वित्तवर्ष 2025 में कंपनी के कर्मचारियों की कुल संख्या लगभग 231000 थी।

## DELHI HIGH COURT RESERVES VERDICT ON TRAI'S TV AD CAP RULE

The Delhi High Court has reserved judgment in the long-running legal challenge against TRAI's 12-minute advertising cap for television channels. Broadcasters argued that the regulation threatens the economic viability of TV operations, particularly news and free-to-air services that depend heavily on advertising revenues. The case, pending for more than a decade, concerns TRAI's 2013 rule restricting commercial advertising and self-promotional content to 12 minutes per clock hour.





## दिल्ली उच्च न्यायालय ने ट्राई के टीवी विज्ञापन सीमा नियम पर फैसला सुरक्षित रखा

दिल्ली उच्च न्यायालय ने टीवी चैनलों के लिए ट्राई के 12 मिनट की विज्ञापन सीमा के खिलाफ चल रही लंबी कानूनी चुनौती पर अपना फैसला सुक्षित रखा है। प्रसारकों ने दलील दी है कि यह नियम टीवी संचालन की आर्थिक व्यवहार्यता के लिए खतरा है, खासकर समाचार और फ्री-टू-एयर सेवाओं के लिए, जो विज्ञापन से होने वाली कमायी पर बहुत ज्यादा निर्भर करती है। यह मामला, ट्राई के 2013 के उस नियम से जुड़ा है जो व्यवसायिक विज्ञापन और स्व-प्रचार सामग्री को प्रति घंटे 12 मिनट तक सीमित करता है।

## CABLE OPERATORS SUPPORT TRAI CONSULTATION ON FAST REGULATION

India's cable TV industry has welcomed the government's move to examine a regulatory framework for Free Ad-Supported Streaming Television (FAST) services. Multi-system operators said the TRAI consultation acknowledges concerns around regulatory imbalance, as FAST platforms currently operate without licensing obligations applicable to traditional broadcasters and distribution networks. ■




## केबल ऑपरेटरों ने एफएएसटी रेगुलेशन पर ट्राई के परामर्श का समर्थन किया

भारत के केबल टीवी उद्योग ने फ्री-एड-सर्पोटेड स्ट्रीमिंग टेलीविजन (एफएएसटी) सेवाओं के लिए एक रेगुलेटरी फ्रेमवर्क की जांच करने के सरकार के कदम का स्वागत किया है। मल्टी सिस्टम ऑपरेटरों ने कहा है कि ट्राई का परामर्श रेगुलेटरी असंतुलन से जुड़ी चिंताओं को स्वीकार करता है, क्योंकि एफएएसटी प्लेटफॉर्म अभी पारंपरिक प्रसारकों और वितरण नेटवर्क पर लागू होने वाली लाइसेंसिंग बाध्यताओं के विना काम कर रहे हैं। ■